रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-एम.एच.-अ.-23032026-271195
CG-MH-E-23032026-271195

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | | |
|---|---|---|
| सं. 197] | नई दिल्ली, बृहस्पतिवार , मार्च 19, 2026/फाल्गुन 28, 1947 | |
| No. 197] | NEW DELHI, THURSDAY, MARCH 19, 2026/PHALGUNA 28, 1947 | |


## भारतीय स्टेट बैंक

*(भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के तहत गठित)*

## सूचना

मुंबई, 18 मार्च, 2026

**फाइल क्र. सीसी/एसएंडबी/एएनडी/2026/917.**—एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक के शेयर धारकों की महासभा **शुक्रवार, 15 मई, 2026** को **दोपहर 3.00 बजे "स्टेट बैंक ऑडिटोरियम, स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड, मुंबई - 400021** (महाराष्ट्र) में आयोजित की जाएगी। यह बैठक निम्नलिखित व्यवसाय के संचालन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी:

"भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 19 (ग) के प्रावधानों के तहत बैंक के केंद्रीय बोर्ड में चार निदेशकों का चयन करना।"

**<u>निदेशकों के निर्वाचन संबंधी विवरण</u>**

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 19 के खंड (ग) के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के केंद्रीय बोर्ड में निदेशकों के चार रिक्तियों को भरने के लिए भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के अध्याय V के अनुसार आयोजित होने वाले चुनाव के संबंध में विवरण निम्नानुसार हैं:

1. केंद्र सरकार के अलावा बैंक के पात्र शेयर धारकों द्वारा चुने गए निम्नलिखित चार निदेशकों की सेवानिवृत्ति के परिणाम स्वरूप उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए निदेशकों का चुनाव आयोजित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री केतन शिवजी विकमसी | 26.06.2023 से25.06.2026 |
| 2 | श्री मृगांक मधुकर परांजपे | 26.06.2023 से 25.06.2026 |
| 3 | श्री राजेश कुमार दुबे | 26.06.2023 से 25.06.2026 |
| 4 | श्री धर्मेन्द्र सिंह शेखावत | 26.06.2023 से 25.06.2026 |

2. शेयर धारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशकों का कार्यकाल 26 जून, 2026 से 25 जून, 2029 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा।

3. नामांकन फॉर्म और शेयर धारकों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले घोषणा एवं वचन पत्र का प्रारूप सभी स्थानीय प्रधान कार्यालयों में मुख्य महाप्रबंधक के सचिवालय, बैंक के कॉर्पोरेट केंद्र स्थित केंद्रीय बोर्ड सचिवालय और बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर → Investor Relations → General Meeting → General Meeting FY 2026-27 पर उपलब्ध है। विधिवत भरा हुआ नामांकन फॉर्म और घोषणा एवं वचन पत्र सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ एक सील बंद लिफाफे में बैंक के कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई में 24 अप्रैल, 2026 को शाम 5:00 बजे (अंतिम समय) तक जमा करना होगा। लिफाफे पर निम्नलिखित स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए:

"शेयर धारकों द्वारा निदेशक के चुनाव के लिए नामांकन फॉर्म"

और इसे निम्नलिखित पते पर पहुँच जाना चाहिए:

महाप्रबंधक (शेयर एवं बॉन्ड),

भारतीय स्टेट बैंक, कॉर्पोरेटकेंद्र,

14वां तल, शेयर एवं बॉन्ड विभाग, स्टेट बैंक भवन,

मैडम कामा रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई– 400021 (महाराष्ट्र)।

निर्धारित अंतिम समय के बाद प्राप्त नामांकन पत्र, घोषणा और वचन पत्र अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

4. कोई भी शेयर धारक, जिसके पास अपने अधिकार में रजिस्टर्ड कम से कम 5000 भार-रहित शेयर (नामांकन दाखिल करने की तिथि को) हों, जो बैंक के शेयर धारकों के रजिस्टर में एकल धारक के रूप में या संयुक्त रूप से धारित होने पर प्रथम नामित धारक के रूप में पंजीकृत हों, और जो भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 19क और 22 तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 20 के प्रावधानों के तहत अयोग्य न हो, चुनाव लड़ने के लिए पात्र है।

5. यदि वैध नामांकनों की संख्या चार से अधिक हो जाती है, तो रिक्तियों को शेयर धारकों की महासभा में ई-मतदान प्रक्रिया के माध्यम से भरी जाएगी। इस उद्देश्य के लिए महासभा **शुक्रवार, 15 मई, 2026 को दोपहर 3:00 बजे स्टेट बैंक ऑडिटोरियम, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई– 400021 (महाराष्ट्र)** में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग(वीसी) /अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों(ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

6. केंद्र सरकार के अलावा कोई भी शेयर धारक, जिसके पास 50 या उससे अधिक शेयर हों और जो बैंक के शेयर धारकों के रजिस्टर में महासभा की तारीख से कम से कम 3 महीने पहले से एकल धारक या संयुक्त रूप से धारित

होने पर प्रथम नामित धारक के रूप में पंजीकृत हो, और जो बैठक की तारीख तक बैंक के शेयर धारकों के रजिस्टर में कम से कम 50 शेयरों के साथ शेयर धारक बना हुआ है, वह चुनाव में मतदान कर ने के लिए पात्र है।

महासभा की सूचना के साथ ही व्याख्यात्मक वक्तव्य और वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से महासभा में हिस्सा लेने और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने संबंधी सामान्य निर्देश बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in,स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड (बीएसई) औरनेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) की वेबसाइट क्रमश: www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं। इस सूचना को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड(एनएसडीएल) (ई-वोटिंग सुविधा की सेवा प्रदाता) की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी देखा जा सकता है।

कॉर्पोरेट सेंटर,
स्टेट बैंक भवन,
मैडम कामा रोड,
मुंबई - 400021
दिनांक: 18.03.2026

**चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी, अध्यक्ष**

[विज्ञापन-III/4/असा./776/2025-26]

## STATE BANK OF INDIA

*(Constituted under the State Bank of India Act,1955)*

**NOTICE**

Mumbai, the 18th March, 2026

**F. No. CC/S&B/AND/2026/917.—** NOTICE is hereby given that the General Meeting of the Shareholders of the State Bank of India will be held on **Friday, the 15th May, 2026** at **03:00 PM**at the **State Bank Auditorium, State Bank Bhavan, Madame Cama Road, Mumbai–400021(Maharashtra).** The Meeting will be held through Video Conferencing (VC) / Other Audio-Visual Means (OAVM) to transact the following business:

"To elect four Directors to the Central Board of the Bank under the provisions of Section 19 (c) of State Bank of India Act, 1955."

**Details on Election of Directors**

Details in respect of the election to be held as per Chapter V of the State Bank of India General Regulations, 1955 to fill the four vacancies of directors in the Central Board of the State Bank of India, under clause (c) of Section 19 of the State Bank of India Act, 1955 are as under:

1. The election of Directors is being held to fill in the vacancies arising out of the retirement of the following four Directors elected by eligible Shareholders of the Bank, other than the Central Government.

| Sl. No. | Name of the Director | Term |
|---|---|---|
| 1 | Shri Ketan S. Vikamsey | 26.06.2023 to 25.06.2026 |
| 2 | Shri Mrugank M. Paranjape | 26.06.2023 to 25.06.2026 |
| 3 | Shri Rajesh Kumar Dubey | 26.06.2023 to 25.06.2026 |
| 4 | Shri Dharmendra Singh Shekhawat | 26.06.2023 to 25.06.2026 |

2. The term of office of the Directors to be elected by the shareholders will be for a period of three years from 26th June, 2026 to 25th June, 2029.

3. The Nomination form and the format of the Declaration & Undertaking to be submitted by Shareholders are available with the Secretariat of the Chief General Manager at all the Local Head Offices, the Central Board Secretariat at the Corporate Centre of the Bank and Bank's website https://sbi.bank.inat →Investor Relations →General Meeting →General Meeting FY 2026-27. The duly filled up Nomination form and Declaration and Undertaking should be submitted with all connected documents in a sealed envelope to the Bank at its Corporate Centre, Mumbai, on or before 24th April, 2026 by 05.00 pm (closing time). The envelope should be super-scribed as:

   "NOMINATION FORM FOR ELECTION OF DIRECTOR BY SHAREHOLDERS"

   and should be delivered at the address as under:

   The General Manager (Shares & Bonds),
   State Bank of India, Corporate Centre,
   14thFloor, Shares & Bonds Department, State Bank Bhavan,
   Madame Cama Road, Nariman Point, Mumbai – 400021 (Maharashtra).
   Nomination form, Declaration and Undertaking received after the closing time will be rejected.

4. Any Shareholder, having not less than 5000 unencumbered shares (as on the date of filing the nomination) registered in his/ her own right, either as sole holder or as first named holder when jointly held, in the Register of Shareholders of the Bank and not disqualified under the provisions of Section 19A and 22 of the State Bank of India Act, 1955 and Section 20 of the Banking Regulation Act, 1949 is eligible to contest the election.

5. If the number of valid nominations exceeds four, the vacancies will be filled at the General Meeting of Shareholders through e-voting procedure. The General Meeting for the purpose to be held on **Friday, the 15th May, 2026**at **03:00 PM** at the **State Bank Auditorium, State Bank Bhavan, Madame Cama Road, Mumbai – 400021 (Maharashtra)**through Video Conferencing (VC) / Other Audio-Visual Means (OAVM).

6. Any Shareholder, other than the Central Government with 50 or more shares, registered in his/ her own right, either as sole holder or as first named holder when jointly held, in the Register of Shareholders of the Bank for a minimum period of 3 months prior to the date of the General Meeting and who continues to be a shareholder with minimum 50 shares in the Register of the Bank's shareholders as on the date of the Meeting is eligible to vote in the Election.

The Notice and general instruction for accessing and participating in the General Meeting through VC/OAVM facility and voting through electronic means is available on the website of the Bank at

https://sbi.bank.in and on the website of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited (BSE) and National Stock Exchange of India Limited (NSE) at www.bseindia.com and www.nseindia.comrespectively. The Notice can also be accessed from the websites of National Securities Depository Limited (NSDL) (service provider for e-voting facility) i.e. https://www.evoting.nsdl.com.

Corporate Centre,
State Bank Bhavan,
Madame Cama Road,
Mumbai - 400021
Date: 18.03.2026

CHALLA SREENIVASULU SETTY, Chairman

[ADVT.-III/4/Exty./776/2025-26]

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. GORAKHA NATH YADAVA Digitally signed by GORAKHA NATH YADAVA Date: 2026.03.23 16:05:02 +05'30'